हर सांस में हो सुमिरन तेरा ऐसा बना दो प्रभु जीवन मेरा

हर सांस में हो सुमिरन तेरा, ऐसा बना दो प्रभु जीवन मेरा।
तेरी सेवा करते करते बीते हर पल मेरा।
हर सांस......

नाम तेरे को सदा दिल में वसाऊं।आठों पहर प्रभु तेरे गुण गाऊं।
नाम तेरा हो सच्चा धन मेरा। ऐसा बना दो प्रभु जीवन मेरा।
हर सांस में.....

इच्छाएं जग की न मुझको सताएं, चिंताएं घर की न नजदीक आएं।
तेरे चरणों में लगा रहे मन मेरा ऐसा बना दो प्रभु जीवन मेरा।
हर सांस में....

याद तेरी में तेरा दास खो जाए, मैं न रहूं तु ही तु हो जाए।
सुफल हो जाए नर तन मेरा। ऐसा बना दो प्रभु जीवन मेरा।
हर सांस में....

तेरी सेवा करते करते बीते हर पल मेरा।
हर सांस में हो सुमिरन तेरा ऐसा बना दो प्रभु जीवन मेरा।

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/33771/title/har-ssans-mein-ho-sumiran-tera-aisa-bana-do-prabhu-jeevan-mera

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |